
# 11वीं में देश के 75 .1% विद्यार्थी जारी रख रहे पढ़ाई

## मध्यप्रदेश में 6वीं में 91 .9% और 11वीं में मात्र 68 .9% विद्यार्थी जारी रख रहे पढ़ाई




**साक्षी केसरवानी**

**भोपाल, 23 मई. विद्यार्थी जब किसी एक कक्षा से अगली कक्षा में प्रवेश लेकर पढ़ाई को जारी रखते हैं, तो इस दर को ट्रांजिशन रेट कहा जाता है.**

मई महीने में जारी की गई नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साल 2014 से 2024 में कक्षा पांचवीं से छठी में पढ़ाई जारी रखने वालों की संख्या में 2.46 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. जबकि कक्षा 10 वीं से 11 वीं में पढ़ाई जारी रखने वालों में 7.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. लेकिन 8 वीं से 9 वीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में देश भर में 4.98 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. रिपोर्ट के अनुसार साल 2024 में 92.2 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 5 वीं की पढ़ाई पूरी कर 6वीं कक्षा में दाखिला लिया है. वहीं, 8 वीं पास कर 9 वीं में केवल 86.6 प्रतिशत छात्र- छात्राओं ने पढ़ाई जारी रखी. जबकि यही विद्यार्थी 10 वीं उत्तीर्ण कर जब 11 वीं में दाखिला लेते हैं तो केवल 75.1 प्रतिशत ही रह गए, जिन्होंने अपनी पढ़ाई 12 वीं के लिए जारी रखी. जिससे यह साफ होता है 5 वीं से 12 वीं कक्षा में पहुंचने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी काफी कमी है.

### 10वीं के बाद फिर सुधरे हालात

एक तरफ जहां 8वीं से 9वीं में जाने वाले विद्यार्थियों के दर में कमी आई है, वहीं दूसरी तरफ मप्र में 10वीं से 11वीं में पढ़ाई जारी रखने वाले विद्यार्थियों में यह दर वर्ष 2014 में 56 .6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024 में 68 .9 प्रतिशत हो गयी है . लेकिन अब भी मप्र देश में सबसे कम दर वाले राज्यों की सूची में बरकार है . जबकि इस स्तर पर दिल्ली और चंडीगढ़ शत प्रतिशत का रिकॉर्ड हासिल किये हुये हैं . वहीं अंडमान और निकोबार 92 .5 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव 91 .4 प्रतिशत और लक्षद्वीप 91 .3 प्रतिशत के साथ देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है .

### एमपी ने प्राथमिक शिक्षा में लगाई लंबी छलांग

मप्र में साल 2014 में 5 वीं से 6 वीं में पढ़ाई जारी रखने वाले विद्यार्थियों की दर 85 .83 प्रतिशत थी, जो कि साल 2024 में बढ़कर 91 .9 प्रतिशत पर पहुंच गई है . हालांकि देश के सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश में यह दर 51 .98 प्रतिशत से बढ़कर सीधे 94 .5 प्रतिशत हो गई . वहीं दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली, पुडुचेरी, चंडीगढ़, तेलंगाना और गोवा जैसे राज्यों ने इस स्तर पर शत-प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लिया है .

### 8वीं के बाद थमने लगी रफ्तार

मप्र में कक्षा 8वीं से 9वीं में पढ़ाई जारी रखने वाले विद्यार्थियों में देश में सबसे कम दर वाले राज्यों में शामिल है . जहां वर्ष 2014 में यह दर 78 .83 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 77 .8 प्रतिशत हो गई . जबकि पुडुचेरी और केरल 99 .6 प्रतिशत के साथ देश में सबसे आगे हैं . इसके बाद लक्षद्वीप और चंडीगढ़ 99 प्रतिशत, तेलंगाना 98 .9 प्रतिशत और महाराष्ट्र 98 .4 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं .

### एक नजर में



#### धू-धूकर जल गया तेंदूपत्ता से लदा ट्रक

सिंगरौली . वन परिक्षेत्र माड़ा के छतौली में तेन्दूपत्ता से लदा एक ट्रक आज शनिवार की शाम करीब 4 बजे धू-धूकर जल गया . इस आगजनी की घटना में ट्रक एवं तेन्दूपत्ता समेत लाखों रूपये का नुकसान हुआ . वहीं मौके पर दमकल भी नही पहुंचा . आग बिजली के शॉट सर्किट से लगने का अंदेशा जताया जा रहा है . माड़ा वन परिक्षेत्र से तेन्दूपत्ता लोडकर एक ट्रक गोदाम ले जा रहा था कि छतौली गांव के मुख्य मार्ग में बिजली के शॉट सर्किट से आग लग गई .

#### जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस के ट्रेन नं . में बदलाव

भोपाल . रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब गाड़ी संख्या 20164/20163 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है . यह ट्रेन जबलपुर से 29 और बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई से नियमित नम्बर से परिचालन किया जाएगा . गाड़ी संख्या 20164 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 29 से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, संत हिरदाराम नगर पहुँचकर अगले दिन उज्जैन, शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी .



## मौसम : सतना, पन्ना समेत 40 जिलों में रेड अलर्ट

### 05 दिन तक प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 23 मई. प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक तेज धूप और लू चलने की संभावना बनी है. मौसम विभाग ने इसको लेकर चेतावनी जारी की है. सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, कटनी, मैहर सहित 40 से अधिक जिलों में आगामी 27 मई तक भीषण गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ सकता है.**

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 23 मई को अरब सागर के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र, और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी एवं अंडमान सागर के अधिकांश हिस्सों में और आगे बढ़ गया है. आगामी 3-4 दिनों के दौरान शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक भीषण ग्रर्मी होने की संभावना है. सतना, पन्ना, छतरपुर और टीकमगढ़ जिले में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है. दतिया, सिंगरौली, सीधी, जबलपुरा, सागर दमोह सहित जिलों में अरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

### इंदौर में तापमान 41 डिग्री पर ठहरा

भीषण गर्मी के दौर शहर में निरंतर जारी है . आज तापमान सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा 41 डिग्री दर्ज किया गया . शाम छह बजे भी तापमान 39 .4 डिग्री दर्ज हुआ, जो शाम के तापमान 34 डिग्री सामान्य से 5 डिग्री अधिक है . रात का तापमान 27 .2 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है . इंदौर भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान लगातार 40 से ऊपर बना हुआ है . यह जरूर है कि पिछले तीन दिनों से थोड़ा गर्मी से राहत मिली है और तापमान सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा की बजाय अब एक या दो डिग्री ज्यादा के आसपास बना हुआ है . शहर में कल के बाद 25 मई से 3 जून तक नौ तपा शुरू हो जाएगा . मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि रोहिणी में तापमान 40 से 42 तक रहने के संभावना है .

## हनी ट्रैप में 100 से ज्यादा वीडियो, बड़ा नेटवर्क हुआ बेनकाब

- आकर्षक युवतियों को विजिटिंग कार्ड की तरह करती थी इस्तेमाल
- रहस्यमयी युवती पर एजेंसियों की नजर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. हनी ट्रैप-2 ने बड़ा रूप ले लिया है. क्राइम ब्रांच की जांच में सौ से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो मिलने के साथ एक संगठित ब्लैकमेलिंग नेटवर्क का खुलासा हुआ है. इस मामले में श्वेता विजय जैन, रेशू चौधरी और अलका दीक्षित से पूछताछ के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं. अब जांच का फोकस श्वेता जैन के बेटे और उसके पति पर भी आ गया है, जिनसे क्राइम ब्रांच गहन पूछताछ करेगी.**

जांच में सामने आया है कि पूरा रैकेट सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा था. भोपाल से बैठकर श्वेता जैन नेटवर्क कंट्रोल करती थी और सीधे सामने आने के बजाय रेशू के जरिए टारगेट सेट कराए जाते थे. इनके द्वारा आकर्षक युवतियों का इस्तेमाल विजिटिंग कार्ड की तरह किया जाता था, जिनके जरिए रसूखदार लोगों तक पहुंच बनाई जाती थी. एक रहस्यमयी युवती की भूमिका भी सामने आई है, जिस पर अब जांच एजेंसियों की खास नजर है. जांच का दायरा मध्य प्रदेश से बाहर छत्तीसगढ़, गुजरात और दिल्ली तक फैला हुआ बताया जा रहा है. कुछ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कारोबारियों के नाम भी जांच में सामने आए हैं. करोड़ों की उगाही और वीडियो बेचने की साजिश के संकेत भी मिले हैं. पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना है.

### सभी आरोपियों को अलग-अलग थानों में रखा...

प्रकरण में अब तक श्वेता विजय जैन, अलका दीक्षित, जयदीप दीक्षित, लाखन चौधरी, कथित पत्रकार जितेंद्र पुरोहित और इंटेलिजेंस शाखा के प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा सहित कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. पुलिस ने जांच को गोपनीय रखते हुए सभी आरोपियों को अलग अलग थानों में रखा है, ताकि वे आपस में संपर्क न कर सकें और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की कोई संभावना न रहे.

### तिलक नगर में अलका तो कनाड़िया में शर्मा...

सूत्रों के अनुसार अलका दीक्षित को तिलक नगर थाना क्षेत्र में निगरानी में रखा गया है, जबकि निलंबित प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा को कनाड़िया थाने में रखा है. रेशू को भी अलग स्थान पर रखने की जानकारी सामने आई है. श्वेता जैन को किस थाने में रखा गया है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. पुलिस ने सख्त निर्देश दिए हैं कि आरोपियों से थाने का कोई भी पुलिसकर्मी अनावश्यक बातचीत न करे.

### जल्द ही होगी आमने-सामने की पूछताछ

महिला आरोपियों को रात में महिला थाने के बजाय अन्य थानों में रखा है . माना जा रहा है कि यह कदम आरोपियों के बीच किसी भी प्रकार की बातचीत रोकने और जांच के तथ्यों को स्पष्ट रूप से सामने लाने के लिए उठाया है .

## किशोरी हत्याकांड के नाबालिग गवाह की ट्रेन से कटकर मौत

**अनूपपुर, 23 मई.** बिजुरी थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई. 20 मई को हुई एक नाबालिक किशोरी की संदिग्ध मौत के मामले में न केवल चश्मदीद गवाह था, बल्कि उसी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. वहीं इा मौत ने अपने पीछे कई सवाल छोड़ दिये हैं.

घटना शनिवार की भोर में बिजुरी के गलैयाटोला रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की टक्कर से अमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था. आरपीएफ बौरीडांड ने उसे छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. आरपीएफ प्राथमिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला मान रही है.

## अब बंद करो कानाफूसी, तुरंत लागू करो यूसीसी

- सभी जाति वर्ग धर्म के लोग बोले - जारी करो बिल
- कालिदास अकादमी में समान नागरिकता संहिता के मुद्दे पर बहस
- एमपी सरकार के माध्यम से केंद्र को जाएगी रिपोर्ट






**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. देश की आजादी के बाद 1947 में ही समान नागरिकता संहिता बिल लागू कर देना चाहिए था हम काफी लेट हो चुके हैं और अब यह सब कानाफुसी बंद हो जाना चाहिए और तुरंत यूसीसी लागू कर देना चाहिए, सुझाव देते हुए लोगों ने कहा कि देश हित में ये निर्णय जल्द लिया जाए तो सभी को इसका लाभ मिलेगा. इस कार्यक्रम में लिव इन रिलेशनशिप और लव जिहाद का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा और इसका विरोध दर्ज किया गया.**

शनिवार को कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में सभी जाति वर्ग धर्म के लोगों द्वारा एक स्वर यूसीसी का समर्थन किया गया. यूसीसी बिल को ऐतिहासिक बताया. दरअसल, भोपाल से यूसीसी के संबंध में गठित की गई कमेटी के उच्च अधिकारी पहुंचे थे. बैठक में लव जिहाद, लिव-इन रिलेशनशिप, महिलाओं और बच्चियों के साथ होने वाले अपराधों तथा पारिवारिक विवादों जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई. कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने सुझाव यूसीसी पोर्टल पर भेजकर इस प्रक्रिया में भागीदारी करें.

केंद्र को जाएगी रिपोर्ट

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें भोपाल से आई यूसीसी अध्ययन समिति की टीम ने विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ चर्चा कर सुझाव लिए. कालिदास अकादमी स्थित पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में आयोजित इस बैठक में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे. एमपी सरकार के माध्यम से सुझाव की पूरी रिपोर्ट दिल्ली जाएगी.

**देश हित में है यूसीसी** -इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि समान नागरिक संहिता देश में समान अधिकार और समान न्याय की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी. कई लोगों ने कहा कि यह व्यवस्था देश की आजादी के बाद ही लागू हो जानी चाहिए थी, लेकिन अब इसे शीघ्र लागू कर सामाजिक भेदभाव, जातिगत असमानता और महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय को समाप्त किया जा सकता है. वक्ताओं ने कहा कि यूसीसी लागू होने से महिलाओं और बच्चों के अधिकार मजबूत होंगे तथा पुरानी भेदभावपूर्ण परंपराओं पर रोक लगेगी.

### कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर की व्यवस्था

उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न धर्मों के लोगों को आमंत्रित किया था. कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित समाजसेवी, मुस्लिम वर्ग के प्रतिनिधि और विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए.

### शहरकाजी भी पहुंचे

मुस्लिम समाज की ओर से शहर काजी खलीकुर रहमान भी उपस्थित रहे . उन्होंने और उनके साथ आए मुस्लिम समाज के लोगों ने यूसीसी का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बनाई जा रही व्यवस्था और प्रावधानों की पूरी जानकारी समाज तक पहुंचाई जाए . इस पर भोपाल से आए अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई वेबसाइट पर सभी जानकारी उपलब्ध है और नागरिक अपने सुझाव भी वहां दर्ज करा सकते हैं .

**मुख्यमंत्री ने लांच की थी वेबसाइट** -नवभारत से चर्चा में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन द्वारा यूसीसी को लेकर विशेष पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां आम नागरिक अपने सुझाव दे सकते हैं . उन्होंने बताया कि बैठक में प्राप्त सुझावों की रिपोर्ट मध्यप्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी जाएगी .

**आर्टिकल 44 में उल्लेख** - विशेषज्ञों ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता का उल्लेख पहले से किया गया है . इसका उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे विषयों पर समान कानून लागू करना है, ताकि धर्म के आधार पर अलग-अलग कानूनी व्यवस्थाओं के बजाय समान न्याय सुनिश्चित हो सके . समर्थकों का मानना है कि इससे महिलाओं को अधिक अधिकार, पारदर्शिता और सामाजिक समानता मिलेगी .

## नियुक्ति पत्र : युवाओं के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण

### कार्यक्रम में वर्चुअली जुडे प्रधानमंत्री मोदी




**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 23 मई. रेलवे ऑडिटोरियम, नर्मदा रेलवे क्लब, हबीबगंज में शनिवार को प्रधानमंत्री रोजगार मेला का भव्य आयोजन किया गया. केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में चयनित नवनियुक्त अभ्यर्थियों को इस अवसर पर नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए.**

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए.

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इस अवसर को देश भर के हजारों युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बताया. सरकारी सेवा में नए प्रवेशकों का स्वागत करते हुए उन्होंने रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर बल दिया. मोदी ने कहा, 'आने वाले वर्षों में आप सभी विकासशील भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.'

भोपाल में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे . 101 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए . इनमें से 77 अभ्यर्थी रेलवे विभाग से तथा 24 अभ्यर्थी अन्य केंद्रीय विभागों से संबंधित थे . अपने संबोधन में चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी की रोजगार सृजन हेतु प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मेला युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है .

**आरोप** ▶ पटवारी ने प्रदेश में गहराते जल संकट को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला

## अभियानों के सरकारी दावे जमीनी स्तर पर विफल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 23 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में गहराते जल संकट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि जल संरक्षण अभियानों के सरकारी दावे जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हुए हैं.**



शनिवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को 'एयर कंडीशंड दफ्तरों और सरकारी फाइलों में दर्ज भ्रामक उपलब्धियों' से बाहर निकलकर आम जनता की परेशानियों को देखना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि 'जल गंगा संवर्धन' जैसे अभियान लोगों को राहत देने में नाकाम रहे हैं और प्रदेशभर में नागरिक पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. पटवारी ने विशेष रूप से इंदौर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी के लोग हर बूंद पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं, जबकि शहर लगातार भाजपा का समर्थन करता रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाएं खाली बर्तन लेकर भटक रही हैं, लोग घंटों तक पानी के टैंकरों का इंतजार कर रहे हैं और जगह-जगह चक्काजाम तथा प्रदर्शन हो रहे हैं. उनके अनुसार, नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर नागरिक भाजपा विधायकों के घरों के बाहर भी प्रदर्शन करने लगे हैं.

उन्होंने कहा कि भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, रीवा, सतना, मुरैना, शिवपुरी, खरगोन, बड़वानी और धार सहित कई जिलों में गंभीर जल संकट बना हुआ है, जबकि स्थानीय निकाय और प्रशासन निष्क्रिय बने हुए हैं.

कांग्रेस नेता ने भाजपा पर 卐टैंकर माफिया卐 को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया . उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ व्यवस्था से जुड़े लोग पानी के कारोबार से लाभ कमा रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही . रायसेन जिले में पानी की तलाश के दौरान कुएं में डूबने से तीन आदिवासी बालिकाओं की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए पटवारी ने इसे 卐हृदयविदारक卐 और प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बताया . उन्होंने जल संकटग्रस्त जिलों में आपात राहत उपाय लागू करने, अवैध टैंकर संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने तथा घटना की उच्चस्तरीय जांच के साथ प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की .

### पेज एक का शेष

## नितिन नवीन की टीम में युवा जोश होगा स्थापित

बिठाने वाले चेहरों का दबदबा रहने की उम्मीद है . महासचिवों की सूची में होने वाला फेरबदल यह तय करेगा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा रण के लिए अपनी धार को कितना पैना करना चाहती है .

**इनको मिल सकता है मौका :** सूत्रों की मानें तो राम माधव की वापसी के साथ सुनील बंसल को चुनावी रणनीतिकार के रूप में विशेष स्थान दिया जा सकता है . अरविंद मेनन, अनुराग ठाकुर, विप्लव देव, रविन्द्र रैना, बीडी शर्मा, राकेश सिंह, कविता पाटीदार, अपराजिता सारंगी, स्वतंत्र देव सिंह, के अन्नामलाई, अग्निमित्रा पॉल, संजय जायसवाल, सतीश चंद्र दुबे, कैलाश विजयवर्गीय, सतीश पूनिया के अलावा कुछ कैबिनेट मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बाहर कर संगठन में रखा जाएगा . विभिन्न राज्यों के अनुभवी व युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है . राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि नितिन नवीन की कार्यकारिणी भाजपा के लिए अग्निपरीक्षा के साथ अवसर भी है . क्योंकि उनके सामने क्षेत्रीय आकांक्षाओं और केंद्रीय अनुशासन के बीच सामंजस्य बैठाकर भाजपा के विजयी रथ को आगे बढ़ाने की चुनौती भी रहेगी .

## 51 हजार युवाओं को नौकरी

बड़ी कंपनियों के लीडर्स से बातें हुई, विस्तार से चर्चा हुई .इस दौरान हर जगह मैंने एक बात समान रूप से महसूस की है .दुनिया भारत के युवाओं और भारत की टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित है . आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है . अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत भी दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है .इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले और उनका सामर्थ्य खिल उठे . साथ ही साथ, मैं चाहता हूं कि देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले . उन्होंने कहा कि आज स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, हरित हाइड्रोजन और टिकाऊ विनिर्माण से जुड़े क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं . इनसे जुड़ी साझेदारी एक नई अर्थव्यवस्था के नए अवसर के दरवाजे खोल रही हैं .

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**